भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1977

दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

डीडीयूजीजेवाई और आरडीएसएस के तहत फीडरों का पृथक्करण

†1977. सुश्री इकरा चौधरी:
श्री पुष्पेंद्र सरोज:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) और पुनर्विकसित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत पृथक किए गए और अभी पृथक किए जाने वाले कृषि और गैर-कृषि फीडरों की जिला-बार संख्या कितनी है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश, विशेषकर सहारनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में कृषि उपभोक्ताओं के लिए ग्रामीण फीडर-वार उपलब्ध विद्युत आपूर्ति के औसत घंटे कितने हैं;

(ग) कृषि फीडरों पर छह घंटे से अधिक समय तक बिजली न आने की घटनाओं की जिला-वार संख्या कितनी है;

(घ) क्या आरडीएसएस या फीडर-निगरानी प्रणालियों के अंतर्गत संपरीक्षा में सहारनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित उक्त राज्य में कृषि विद्युत आपूर्ति को प्रभावित करने वाली तकनीकी हानि या रख-रखाव संबंधी कमियों की पहचान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा फीडर स्तर की विश्वसनीयता में सुधार, ट्रांसफार्मर विफलता दर में कमी लाने तथा कृषि में अधिकतम मांग की अवधि के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) की योजना के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 2,212 कृषि फीडरों को अलग किया गया था। संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत, राज्य के लिए कुल 1,799 फीडरों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 1,167 फीडरों को अब तक पृथक्क कर दिया गया है। जिला-वार विवरण **अनुबंध** पर संलग्न है।

(ख) और (ग) : विद्युत एक समवर्ती विषय होने के नाते, कृषि उपभोक्ताओं सहित उपभोक्ताओं की विभिन्न श्रेणियों को विश्वसनीय विद्युत की आपूर्ति और वितरण की जिम्मेदारी संबंधित राज्य/वितरण यूटिलिटी की है। जैसा कि राज्य द्वारा सूचित किया गया है, उत्तर प्रदेश राज्य भार प्रेषण केंद्र द्वारा प्रदान की गई अनुसूची के अनुसार कृषि उपभोक्ताओं के लिए दैनिक औसत आपूर्ति 10:00 घंटे है और कृषि फीडरों में सूचित किए गए छह घंटे से अधिक समय तक आउटेज की घटना की संख्या शून्य है। इसके अतिरिक्त, जैसा कि राज्य द्वारा सूचित किया गया है, सहारनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कृषि उपभोक्ताओं के लिए सर्किल-वार दैनिक औसत घंटे की आपूर्ति निम्नानुसार है:

सर्किल	वित्तीय वर्ष 23	वित्तीय वर्ष 24	वित्तीय वर्ष 25
ईयूडीसी	09:30 घंटे	09:40 घंटे	09:42 घंटे
ईडीसी-1	09:30 घंटे	09:40 घंटे	09:42 घंटे
ईडीसी-2	09:30 घंटे	09:40 घंटे	09:42 घंटे

(घ) और (ङ) : आरडीएसएस के अंतर्गत, हानियों और अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं के विश्लेषण के आधार पर राज्यों/वितरण यूटिलिटी द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना के आधार पर उनके लिए हानि न्यूनीकरण कार्यों को मंजूरी दी गई है। तदनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य के लिए 21,782 करोड़ रुपये के अवसंरचना कार्यों को मंजूरी दी गई है। स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत अवसंरचना के कार्यों में नए सबस्टेशन विकसित करना, मौजूदा सबस्टेशन एवं वितरण ट्रांसफार्मर का उन्नयन, केबलों का पुन: संचालन/उन्नयन, फीडर पृथक्करण आदि शामिल हैं। इन कार्यों ने विद्युत की आपूर्ति की विश्वसनीयता में सुधार करने और ट्रांसफॉर्मर विफलताओं को कम करने में मदद की है। केंद्र और राज्य द्वारा किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप, राज्य की एटी एंड सी (समग्र तकनीकी और वाणिज्यिक) हानियाँ वित्त वर्ष 2021 में 26.78% से घटकर वित्त वर्ष 2025 में 19.25% हो गई हैं। इसके साथ ही, राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति के औसत दैनिक घंटे वित्त वर्ष 2023 में 17:24 घंटे से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 21:34 घंटे हो गए हैं।

लो.स.अतारां.प्र.सं. 1977

अनुबंध

जिला-वार फीडर पृथक्करण विवरण

क्र.सं.	जिला	डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत पृथक्क किए गए फीडर	पृथक्करण के लिए आरडीएसएस के अंतर्गत स्वीकृत फीडर	आरडीएसएस के अंतर्गत पृथक्क किए गए फीडर
1	आजमगढ़	49	0	0
2	बस्ती	23	0	0
3	भदोही	0	3	0
4	फतेहपुर	0	170	148
5	गाजीपुर	29	0	0
6	जौनपुर	0	5	0
7	कौशाम्बी	39	37	37
8	मऊ	0	16	0
9	मिर्जापुर	0	3	1
10	प्रयागराज	0	12	10
11	सिद्धार्थनगर	23	0	0
12	वाराणसी	35	2	2
13	अयोध्या	0	5	4
14	अंबेडकर नगर	0	0	0
15	सुल्तानपुर	0	5	2
16	अमेठी	0	5	3
17	बाराबंकी	0	10	10
18	गोंडा	0	0	0
19	बहराइच	22	0	0
20	बलरामपुर	0	0	0
21	श्रावस्ती	0	0	0
22	रायबरेली	0	70	4
23	उन्नाव	0	17	2
24	लखनऊ	24	0	0
25	सीतापुर	0	28	4
26	हरदोई	0	33	33
27	लखमीपुर	0	12	10
28	बदायूं	36	114	33
29	बरेली	32	19	9
30	पीलीभीत	16	10	0
31	शाहजहांपुर	39	58	11
32	आगरा	116	2	2
33	अलीगढ़	74	31	31

34	औरैया	17	7	7
35	बाँदा	0	5	5
36	चित्रकूट	0	6	5
37	एटा	27	34	34
38	इटावा	28	12	12
39	फर्रुखाबाद	53	1	1
40	फिरोजाबाद	89	19	19
41	हमीरपुर	0	4	4
42	हाथरस	103	9	9
43	जालौन	0	16	16
44	झांसी	0	2	2
45	कन्नौज	25	1	1
46	कानपुर देहात	23	8	8
47	कानपुर नगर	14	23	23
48	कासगंज	0	25	23
49	ललितपुर	0	0	0
50	महोबा	0	5	5
51	मैनपुरी	66	1	1
52	मथुरा	56	17	17
53	मेरठ	166	73	56
54	बागपत	124	33	33
55	गाजियाबाद	40	2	2
56	नोएडा	4	0	0
57	बुलंदशहर	95	200	119
58	हापुड़	90	55	43
59	मुरादाबाद	51	41	26
60	बिजनौर	103	113	91
61	रामपुर	36	36	30
62	संभल	30	66	56
63	अमरोहा	105	60	59
64	सहारनपुर	130	141	19
65	मुजफ्फरनगर	125	76	50
66	शामली	55	41	35
कुल		**2,212**	**1,799**	**1,167**

****